**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to frame a policy for the welfare of people employed in outsourced contractual jobs.

**श्री रोड़मल नागर (राजगढ़):** मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि जहां एक ओर सरकार बिचौलियों को समाप्त कर रही है वहीं दूसरी ओर अधिकांश विभागों में किसी भी काम को करने के लिए आउटसोर्सिंग (ठेका पद्धति) के माध्यम से कार्य किया जा रहा है जिसकी वजह से काम करने वाले कर्मचारियों को कम वेतन देकर उनका शोषण किया जा रहा है साथ ही रोजगार को लेकर अनिश्चितता की स्थिति भी बनी रहती है तथा कोई सुविधा भी नहीं मिलती है, साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों को ठेका पद्धति में आरक्षण नहीं होने से इनको अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए अवसर नहीं मिल पा रहा है। अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि आउटसोर्सिंग (ठेका पद्धति) में काम करने वाले और काम कराने वाले कर्मचारियों के आर्थिक विकास के लिए सरकार के द्वारा नीति-निर्धारण कर एक कानून बनाया जाये, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान एवं मौलिक अधिकारों की रक्षा हो सके।